कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

आदेश

05नि॰/अंके॰ अरा॰ पदा॰ स्था॰–62/2023

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 19300 दिनांक 13.10.2023 द्वारा अधिसूचित ''अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली–2023'' में निहित शर्त्तों के अधीन विभागीय स्क्रीनिंग समिति की दिनांक 24.04.2026 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही की कंडिका–02 (ड़) द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बिहार सहकारी अंकेक्षक संवर्ग के अंकेक्षक (पे लेवल–05) कोटि के निम्नांकित 04 कर्मियों को वरीयता एवं अर्हता पूरी करने के आधार पर वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी (प्रोन्नति का प्रथम स्तर, पे लेवल–07) के उच्चतर पद का अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार प्रदान किया जाता है :–

क्र॰ सं॰	नाम	वर्तमान पदनाम	वरीयता क्रमांक
1	*2*	*3*	*4*
1	**श्री संतोष कुमार साह**	अंकेक्षक	195
2	**मो॰ शहजाद अंसारी**	अंकेक्षक	196
3	**श्री सत्यरंजन कुमार**	अंकेक्षक	197
4	**श्री ओम प्रकाश प्रसाद**	अंकेक्षक	198

2॰ उपर्युक्त कर्मियों द्वारा वर्तमान धारित पद को अगले आदेश तक वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी (वेतन स्तर–07) में उत्क्रमित किया जाता है।

3॰ उक्त कार्यकारी प्रभार का आर्थिक लाभ उच्चतर पद पर योगदान की तिथि से अनुमान्य होगा।

4॰ कार्यकारी व्यवस्था के तहत यह प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन सिविल अपील संख्या–4880/2017 राज्य सरकार एवं अन्य बनाम् सुशील कुमार सिंह एवं अन्य तथा अन्य सम्बद्ध वादों में पारित होने वाले अंतिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त्त पर औपबंधिक रूप से प्रदान की जा रही है।

5॰ उपरोक्त आदेश में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

05/05/26

(संजय कुमार)
संयुक्त निबंधक (अंके॰),
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 4465 /पटना, दिनांक 05.05.2026

05नि॰/अंके॰ अरा॰ पदा॰ स्था॰–62/2023

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित अंकेक्षक, सहयोग समितियाँ को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, सहयोग समितियाँ/उप मुख्य अंकेक्षक, सहयोग समितियाँ/संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण), सहयोग समितियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सरकार के उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ वित्त विभाग, बिहार, पटना/ सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आप्त सचिव, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– विभागीय आई॰टी॰ मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेव साईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

05/05/26

संयुक्त निबंधक (अंके॰),
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

D:\ACER DATA\vinod ram\2025-2026\SADO TO DAO HIGHER PROMOTION 2026\Office Order (Aud to sao Promotion) 28-04-2026.docx